Publication: **Nav Bharat Times** Region: **Mumbai** | Date: **23/07/2016** | Page No.: **07**

रिलायंस निप्पो लाइफ का अनूठा 'इनक्रीजिंग मनी बैक प्लान'

कार्यालय संवाददाता

मुंबई, निजी क्षेत्र की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी रिलायंस निप्पो लाइफ इंश्योरेंस ने अपना नया 'इनक्रीजिंग मनी बैक प्लान' पेश किया है. यह एक नॉन-लिंक्ड, गैर-प्रतिभागी जीवन बीमा प्लान है जो कि तय अंतराल पर गारंटीशुदा और बढ़ते हुए मनी बैक भुगतान प्रदान करने के साथ ही पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान जीवन बीमा सुरक्षा कवर भी प्रदान करता है.

पॉलिसी की पूरी अवधि में लाइफ कवर मिलेगा. साथ ही आधार बीमा राशि पर 210 प्रतिशत तक लाभ की पेशकश की गई है. कई राइडर्स के साथ सुरक्षा कवर बढ़ाने का विकल्प भी होगा.

नियमित भुगतान लाभ

रिलायंस निप्पो लाइफ के चीफ एजेंसी ऑफिसर मनोरंजन साहू ने बताया कि इनक्रीजिंग मनी बैक प्लान को पॉलिसीधारकों को नियमित अंतराल पर गारंटीशुदा आय प्राप्त करने में मदद करने के लिए प्रस्तुत किया गया है. यह मनी बैक प्लान, उन लोगों के लिए आदर्श है जो कि अपने प्रीमियम भुगतान वादे की अवधि को सीमित करना चाहते हैं पर इसके साथ ही परिवार के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के साथ ही एक तयबद्ध प्रक्रिया में जीवन सुरक्षा भी प्राप्त करना चाहते हैं. हर तीन साल बाद बढ़ती आय से परिवार के लिए वित्तीय योजनाएं बनाने में मदद करेगी और इससे जिंदगी के विभिन्न महत्वपूर्ण और विविधितापूर्ण जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी.